हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 4 दिसंबर 2024

सांप के काटने से बच्ची की मौत

नागपुर। कपास वेचते समय एक 15 वर्षीय लड़की को सांप के काटने से मौत हो गई. यह घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे हिंगाना पुलिस थाना क्षेत्र के घुटीपांजरी शिवार में घटी. मृतक का नाम सुनिता अंतऋषी देशमुख (15) ठाकरवाडी, तहसील हाथगाव, जिला नांदेड निवासी थी. वह अपने परिवार के साथ घुटीपांजरी में मोलमजूरी करने आई थी. घुटीपांजरी में बी.रामाराजू के खेत में उसका परिवार काम करता था. सोमवार को कपास वेचने का काम चल रहा था, तभी सुनिता के दाहिने पैर को सांप ने काट लिया। उसे तुरंत उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

इस मामले में मृतक के चचेरे भाई प्रकाश शंकर देशमुख, उम्र 26 वर्ष, निवासी ठाकरवाडी, तहसील हाथगाव, जिला नांदेड ने हिंगना पुलिस स्टेशन में घटना की जानकारी दी. पुलिस ने इस मामले में अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.

मवेशी तस्करी को लेकर हुआ गैंगवार

> 9 गिरफ्तार, चार हुए घायल | दोनों गुटों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला

नागपुर।

मानकापुर पुलिस थाने के पागलखाना चौक पर दो गुटों के बीच मवेशी तस्करी को लेकर गैंगवार होने का पता चला है. पुलिस ने दोनों गुट के खिलाफ मामला दर्ज कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

सोमवार की रात पागलखाना चौक के पास दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर तलवार और दूसरे धारदार हथियार से हमला कर दिया था. इसमें 4 युवक गंभीर रूप से जख्मी हुए है. जख्मी शिवम पांडे और उसके साथियों द्वारा मवेशी तस्करी का विरोध किए जाने से प्रतिद्वंदियों से विवाद चल रहा था. उन्होंने 27 नवंबर को अपराधी गोलू ने शिवम को फोन करके शांत नहीं बैठने पर हत्या करने की धमकी दी थी.

30 नवंबर को शिवम, सौरभ नायर और अन्य मित्रों के साथ परिसर के मैदान में खड़ा था.

वहां गोलू का साथी लकी, मोनू सहित नऊ-दस युवक उन्हें गालियां देकर चले गए. सौरभ ने यह बात अपने परिचित जिहान को बताई. जिहान ने उसे चर्चा के लिए मैदान पर बुलाया. वहां पहुंचने पर सौरभ और शिवम का जिहान, लक्की, फरहान, मोनू और उनके साथियों से फिर विवाद हो गया.

सोमवार को दोपहर से ही सौरभ को मोनू नामक युवक ने फोन करके गालियां देते हुए धमका रहा था. मोनू ने फोन करके सौरभ को पागलखाना चौक पर आने को कहा. खतरा भांपकर सौरभ, शिवम, वेदांत और अन्य साथियों के साथ पागलखाना चौक पर पहुंचा. कुछ देर बाद जिहान, लकी, फरहान, शाहीद, बाबा और उनके दस से बारह साथी वहां आए. उन्होंने सौरभ और शिवम पर हमला कर दिया.

यह देखकर सौरभ, शिवम और उनके साथियों ने भी हथियार निकाल लिए. सौरभ और शिवम के साथ प्रतिद्वंदी गुट का शहबाज अली उर्फ बाबा भी जख्मी हो गया. सौरभ और शिवम पर हमले की उनके साथी वेदांत ने मोबाइल से क्लिपिंग बना ली. हमलावरों को अपनी ओर आता देखकर वह फरार हो गया.

अपराधियों ने पीछा करके मानकापुर चौक पर उसे घेर लिया. वहां तलवार से हमला कर दिया. वेदांत भी गंभीर जख्मी हो गया. इसी बीच उसके हमले का पता चलने पर वेदांत के साथी भी मानकापुर चौक पर पहुंच गए. वहां पूनः दोनों गुटों के बीच खूनी झड़प हुई.. करीब आधा घंटे तक चले इस घमासान के बाद मानकापुर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने दोनों गुट के खिलाफ मामला दर्ज किया है. हालांकि पुलिस क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद में घटना होने का बता रही है. इस घटना के बाद परिसर में तनाव का माहौल रहा.

वांछित एमडी तस्कर तबरेज आलम गिरफ्तार

नागपुर।

एमडी तस्करी में लिप्त एक वांछित तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गुप्त जानकारी के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया. पकड़ा गया आरोपी तबरेज अफरोज टीपू अफरोज आलम (33) नाईक रोड, महल, कोतवाली निवासी बताया जा रहा है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने 18 जून 2024 को हुड़केश्वर के बहादुरा फाटा उमरेड रोड स्थित पवन पुत्र नगर में एक एक्टिवा गाड़ी पर तीन आरोपियों को एमडी तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया था. आरोपियों में रोहन सुरेश ढाकुलकर (28) शुभम सुरेश ढाकुलकर (31) पवन पुत्र नगर, उमरेड रोड और वेदांत विकास ढाकुलकर (24) नेताजी मार्केट जानकी टॉकीज के पीछे धंतोली निवासी का समावेश था. इन तीनों के पास से 51 ग्राम 11 मिलीग्राम एमडी पुलिस ने बरामद की थी. पूछताछ में आरोपियो ने तबरेज आलम की से इस एमडी को खरीदने की जानकारी पुलिस को दी. उसके बाद से ही पुलिस तबरेज आलम की तलाश करी थी.मंगलवार को पुलिस को जानकारी मिली कि तबरेज धंतोली परिसर स्थित नेल्सन हॉस्पिटल के पास घूम रहा है.

इस सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया. उसे आगे की कार्रवाई के लिए धंतोली पुलिस के हवाले किया है। बताया जा रहा है इससे पहले भी तबरेज के खिलाफ एमडी तस्करी के कई मामले दर्ज हैं.

घर से अचानक लापता नाबालिग यूपी में मिली

नागपुर। यशोधरा नगर पुलिस थाना अंतर्गत लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को क्राइम ब्रांच के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दस्ते ने उत्तर प्रदेश के बांदा से रेस्क्यू किया है. इस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है. आरोपी रामकेश मुन्ना गुप्ता (21) जोरावरपुर,तहसील कमसिन जिला बांदा उत्तर प्रदेश निवासी बताया जा रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय नाबालिग बालिका पांच अक्टूबर 2023 को बिना बताए अपने घर से कहीं निकल गई थी. परिजनों इसकी शिकायत यशोधरा नगर पुलिस से की थी.

जांच के दौरान ही क्राइम ब्रांच के एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग दस्ते को जानकारी मिली थी कि यह नाबालिग उत्तर प्रदेश के बांदा में रह रही है. इसी सूचना पर पुलिस ने रामकेश मुन्ना गुप्ता नामक युवक के घर से इस नाबालिग को रेस्क्यू किया है।

फ्लाईओवर पर आधा दर्जन वाहन आपस में भिड़े

> अचानक ब्रेक मारने से हुआ हादसा

नागपुर।

अचानक ब्रेक लगाने से सीताबर्डी के शहीद गोवारी फ्लाई ओवर पर वाहनों के बीच टक्कर हो गई. सुबह 10.30 बजे इनोवा क्रमांक एम.एच./31/एफ.सी./7747 का चालक वामन बाबूराव नेवारे (45) मटकाझरी, उमरेड, सुबह 10.30 बजे रहाटे कॉलोनी चौक से संविधान चौक की दिशा में जा रहा था. इनोवा के सामने से चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगाया. इस वजह से इनोवा कार से टकरा गई.

इनोवा के पीछे टाटा सफारी (क्र.एम.एच./49/सी.डी./9197) में राजेश पंढरी शेंडे (52) हुड़केश्वर चला रहे थे. टाटा सफारी की इनोवा से टक्कर हो गई. आयसर ट्रक (एम.एच./34/बी.जेड./9086) ने टाफा सफारी को पीछे से टक्कर मार दी. आयसर के पीछे चल रहे दूसरे चार अन्य वाहनों में भी टक्कर हो गई. सभी वाहनों क्षतिग्रस्त हो गए. घटना के वक्त फ्लाई ओवर पर कई वाहन गुजर रहे थे. फ्लाई ओवर पर जाम लग गया. घटना का पता चलने पर सीताबर्डी और ट्रैफीक पुलिस मौके पर पहुंची. अधिक हानि होने से इनोवा, टाटा सफारी और आयसर को थाने ले आई. इसी बीच हादसा देखकर इनोवा के सामने से चल रहा कार चालक फरार हो गया. बताया जाता है कि अधिकांश वाहन तेज गति से थे. इसीलिए चालक को संभलने का मौका नहीं मिला. हालांकि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है परंतु आधा दर्जन वाहनों में क्षति पहुंची है.

दो वाहन चोर लगे पुलिस के हाथ

> क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की कार्रवाई

नागपुर।

क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान दो अलग-अलग कार्रवाई में दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों ही कार्रवाई पुलिस ने मेकोसाबाग पुल के नीचे अंजाम दी. पकड़े गए आरोपियों में विशाल अशोक गजभिए (28) अशोक नगर, कन्हान पार्शिवनी निवासी और शुभम ज्ञानेश्वर वानखेड़े (29) दत्तवाडी ,सतगुरु शरण सोसाइटी, वाडी का समावेश है. उनके पास से चोरी की दो दोपहिया वाहन भी पुलिस ने बरामद की है. पेट्रोलिंग के दौरान शुभम एक हीरो होंडा गाड़ी पर जाते हुए पुलिस के हाथ लगा था. जब पुलिस ने पूछताछ की तो वह गाड़ी के कागजात नहीं दे पाया. जांच करने पर यह गाड़ी वाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी होने की जानकारी पुलिस को लगी. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर गाड़ी बरामद कर ली. जबकि दूसरे मामले में विशाल गजभिए भी चोरी की मोटरसाइकिल पर घूमते हुए पुलिस के हाथ लगा. उसने इस गाड़ी को कलमना पुलिस थाना अंतर्गत चोरी करने की कबूली दी. उसके पास से भी चोरी का वाहन पुलिस ने जब्त किया है.

नशे की लत के चलते छात्रों ने उड़ाये मोबाइल फोन

> पुलिस ने गिरफ्तार कर पहुंचाया हवालात

नागपुर।

नशे की लत के चलते मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले दो छात्र शहर में मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम दे रहे थे. बेलतरोडी पुलिस थाने के ली-मेरिडियन होटल के पास सोमवार शाम करीब 6:30 के दौरान एक घटना हुई थी. पुलिस ने इस बारदात को अंजाम देने वाले दोनों छात्रों को 24 घंटे के भीतर ढूंढ कर गिरफ्तार किया है.पकड़े गए आरोपियों में अभिनव हर्ष रंगारी (20) खरबी रोड, शेष नगर और सहजन वाइस खान (20) चंद्रपुर का समावेश है.

जानकारी के अनुसार फरियादी सुरेश मारोति आसकर (56) ले मेरिडियन होटल के पास निवासी कोल माइन में क्लर्क हैं और ली मेरिडियन होटल के पीछे रहते हैं। सोमवार शाम सुरेश अपने घर के समीप ही टहलते हुए मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे. इसी बीच एक मोपेड पर सवार होकर आए दो युवकों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और वहां से भाग खड़े हुए. इसकी शिकायत उनकी बेटी ने तुरंत कंट्रोल रूम के नंबर 112 पर की थी और दोनों युवकों का हुलिया बयान किया था. हालांकि मोबाइल स्नैच करने के बाद दोनों युवक मोबाइल को स्विच ऑफ करना भूल गए थे. करीब 15 किलोमीटर घूमने के बाद यह दोनों युवकों को मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने ढूंढ कर गिरफ्तार किया.

आरोपियों ने कुबूल किया जुर्म

पूछताछ में आरोपियो ने बेलतरोडी पुलिस थाना अंतर्गत एक और मोबाइल स्नैच करने की वारदात को अंजाम देने की भी कबूली दी. दोनों मोबाइल फोन को पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद किया जिनकी कीमत 25000 रुपए बताई जा रही है. दोनों ही युवक मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं और उन्हें शराब और पीने की लत है। इसी लत के चलते वह मोबाइल फोन चुरा रहे थे.

ब्लिंकर मोड पर रहेंगे शहर की 14 जगहों के सिग्नल

> वाहन चालकों के पेट्रोल और समय की होगी बचत

नागपुर।

शहर में यातायात सुचारू रखने के साथ ही वाहन चालकों का पेट्रोल बचे इसलिए यातायात विभाग के डीसीपी अर्चित चांडक ने शहर के 14 जंक्शन पर सिग्नल ब्लिंकर मोड पर रखने का निर्णय लिया है. उन्होंने बताया कि यातायात व्यवस्था के लिए शहर के मुख्य चौराहों पर सिग्नल लगाए गए हैं.

ट्रैफिक के फ्लो के हिसाब से उनका समय भी निर्धारित किया गया है लेकिन कुछ चौराहों पर ट्रैफिक कम होने के कारण सिग्नल में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है जिससे नागरिकों को बेकार में सिग्नल पर ज्यादा समय तक रुकना न पड़े और अनावश्यक उनका पेट्रोल भी खर्च न हो, इसलिए दोपहर 1 से 4 बजे के बीच 14 स्थानों पर सिग्नल ब्लिंकर मोड पर रहेंगे.

नीरी टी-पॉइंट, बजाजनगर चौक, गजानन स्कूल टी-पॉइंट, त्रिशरण चौक, आवारी चौक, विजय टाकीज टी-पॉइंट, कन्नमवार चौक, अहिंसा चौक, राजारानी चौक, धरमपेठ वाय पॉइंट, अजीत बेकरी टी-पॉइंट, जीपीओ चौक, मोहम्मद रफी चौक और 10 नंबर पुलिया के सिग्नल रोजाना दोपहर 1 से 4 बजे तक ब्लिंकर मोड पर रहेंगे लेकिन उपरोक्त समय पर लोगों को इन स्थानों से जाते-आते समय सावधानी भी बरतनी होगी. इन चौराहों पर स्पीड लिमिट 20 किमी प्रति घंटा तय की गई है. नागरिकों से अपील है कि इन स्थानों से जाते समय स्पीड लिमिट का ध्यान अवश्य रखें. अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करें.

गीता जयंती पर राधा कृष्ण मंदिर में विभिन्न प्रतियोगिता

नागपुर। गीता जयंती 11 दिसंबर को मनाई जाएगी.इसी के उपलक्ष्य पर श्री राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट की ओर से वर्धमान नगर के राधा कृष्ण मंदिर में 8 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गीता जयंती महोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है.

मैनेजिंग ट्रस्टी पवन पोद्दार ने बताया कि 11 वर्ष से कम उम्र बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता होगी. इसमें चित्र मंदिर समिति देगी. कलर आदि की व्यवस्था प्रतियोगी को स्वयं करना होगा. महाभारत आधारित विभिन्न पात्रों की वेशभूषा सजीव प्रस्तुति व संवाद सहित प्रतियोगिता, नाटिका प्रस्तुति, नृत्य, बच्चों द्वारा सामूहिक भजन प्रस्तुति, गीता के 2 अध्याय (12 ,15) का सामूहिक पठन होगा. प्रतियोगियों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इच्छुक प्रतियोगी संयोजक मधुसूदन सारडा, आंचल भोजवानी, मंजू हुरकट, जयश्री बियाणी से संपर्क कर सकते हैं. सभी से उपस्थिति की अपील सचिव मुरारीलाल अग्रवाल ने की है.

चोरों ने उड़ाया 1.97 लाख का माल

नागपुर।

जरिपटका पुलिस थाने के अंबाडे लेआउट स्थित एक व्यक्ति के बंद घर में सेंध मारी कर चोरों ने नगदी व सोने -चांदी के आभूषण सहित एक लाख 97 हजार 350 रूपयों के माल पर हाथ साफ किया. फरियादी रजत राजू लाहोरिया (26) प्लांट क्रमांक 08,अंबाडे लेआउट, कोहिनूर,सोसाइटी जरिपटका निवासी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार रजत 1 दिसंबर की देर रात अपने घर को ताला लगाकर अपनी सास के बीमार होने के चलते उसे लाइफ लाइन अस्पताल में देखने के लिए गए थे. इस दौरान चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और अलमारी में रखी नगदी 50000 और सोने चांदी के आभूषण सहित 1 लाख 97 हजार 350 रूपयों के माल को चुरा लिया. रजत जब सुबह 10 बजे अपने घर वापस आए तब उन्हें घर में चोरी होने की बात का पता चला और इसकी शिकायत पुलिस को दी. उसके बाद से ही पुलिस तबरेज आलम की तलाश करी थी.मंगलवार

1.45 लाख के माल पर हाथ साफ

बेलतरोड़ी पुलिस थाने के खापरी पुनर्वास स्थित एक घर में सेंधमारी कर चोरों ने नगदी व सोने चांदी के आभूषण सहित 1.45 लाख रुपयों के माल पर हाथ साफ किया. फरियादी बिल्डिंग नंबर 09,विराज पार्क, खापरी पुनर्वसन निवासी विवेक अनंता थुटे (34) बताये जा रहे हैं. विवेक मिहान में काम करते हैं. एक दिसंबर की रात करीब 10 बजे विवेक अपनी रात की ड्यूटी पर काम पर गए हुए थे. जब की पत्नी किसी रिश्तेदार की अंत्येष्टि के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नागपुर आई थी. इसी बीच रात में अज्ञात चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और लकड़ी की अलमारी से 6000 नगद व सोने -चांदी के आभूषण सहित एक लाख 45 हजार 200 रुपयों के माल को चुरा लिया.

पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.

महिला से साढ़े 10 लाख रुपये की ठगी

नागपुर।

पांचपावली पुलिस थाना क्षेत्र में एक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपियों ने महिला से टूर्स एंड ट्रैवल में भागीदारी देने के नाम पर साढ़े 10 लाख रुपये की ठगी की. पुलिस ने फरियादी, प्रतिभा चंद्रशेखर नितनवरे (56), बुध्दनगर की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रतिभा नितनवरे और आरोपियों की पुरानी पहचान थी. 8 मार्च से लेकर 1 जून के बीच आरोपियों ने विभिन्न बहानों से नकद और चेक के जरिए कुल साढ़े 10 लाख रुपये उधार लिए थे. इन आरोपियों में निशांत चंद्रमणि मानवटकर (30), कपिल नगर, और शिवानी बोधनंद थेरो (47), कामठी रोड, बुद्धभूमि, महाविहार खैरी शामिल हैं. आरोपियों ने बताया था कि वे इस राशि का इस्तेमाल महाबोधि टूरिज्म में भागीदारी के लिए करेंगे और इसमें होने वाले फायदे के साथ पूरी राशि वापस करेंगे. लेकिन जब प्रतिभा ने अपनी उधारी की रकम वापस मांगी, तो आरोपियों ने कोई भी राशि वापस नहीं की और उसे धोखा दिया. प्रतिभा ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद पुलिस ने धोखाधड़ी के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया. हालांकि, बाद में दोनों आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिल गई, और वे फिलहाल जमानत पर बाहर हैं. जांच के दौरान यह सामने आया है कि आरोपियों ने शहर में अन्य लोगों से भी इस तरह की धोखाधड़ी की है. पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस धोखाधड़ी का शिकार हुआ हो, तो वह तुरंत पांचपावली पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराएं.

डबल सीट हेलमेट नियम होगा रद्द: खोपड़े

पुलिस कमिश्नर सिंघल को दिया ज्ञापन

नागपुर।

विधायक कृष्णा खोपड़े ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त रवींद्रजी सिंघल को ज्ञापन दिया. एक बयान में, परिवहन विभाग ने हाल ही में जारी किए गए नियमों का कड़ा विरोध किया है, जिसमें दोहरी सीटों पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है. विधायक कृष्णा खोपड़े ने मांग की कि इस नियम को तुरंत रद्द किया जाये.

विधायक कृष्णा खोपड़े ने एक बयान में कहा कि अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) द्वारा 25 नवंबर 2024 को जारी परिपत्र में कहा गया है कि डबल सीट हेलमेट की आवश्यकता है. यह नियम पूरी तरह से गलत है और कोई व्यक्ति अपने परिवार को किसी पारिवारिक कार्यक्रम में ले जाते समय दो हेलमेट कैसे संभाल सकता है? इसके लिए कई कारण हैं.

इस नियम का हर तरफ से और समाज में भी विरोध हो रहा है. इसके बजाय हमें परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर अधिक जोर देना चाहिए. कई चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस नहीं है, लेकिन कुछ चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की भारी भीड़ रहती है. ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था बनाए रखने से ज्यादा वसूली पर ध्यान देती है.शिकायत कई तरह की होती हैं. लेकिन डबल सीट हेलमेट इस नियम को नागरिकों पर थोपने का एक प्रयास है.

इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक बाल्या बोरकर, मंडल अध्यक्ष सेतराम सेलोकर, दीपक वाडीभस्मे, राजू गोतमारे, श्रीकांत सायरे, सुनिल सूर्यवंशी, गुड्डू पांडे, विजय हजारे, राजेंद्र चकोले, राजू भुरे, जयेश बिहारे, हर्षल वाडेकर, आदिती लांजेवार, पल्लवी गिरोले, किशोर दुधे, विक्रम खुराना, सागर शाहू, शिवा वाघे, अजय मरघडे, प्रथम मोरे, रेखा गौतम, तृप्ती लोणारे ,सुभद्रा कावरे, दिनेश दिग्रसे, प्रणित जाजमवार समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

शेलके के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ता

नागपुर।

सोमवार 2 दिसंबर को प्रेस क्लब में बंटी शेलके के खिलाफ जो प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो खुद को मध्य नागपुर कांग्रेस कमेटी का पदाधिकारी बता रहा था. उसे जवाब देने के लिए बुधवार को मध्य नागपुर में कांग्रेस के वफादार कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने सवाल किया की ऐसी में रहने वाले पदाधिकारी महत्वपूर्ण है कि चुनाव के दौरान रत दिन मेहनत करने वाले कार्यकर्ता?

कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमारे पास इस बात के सबूत हैं कि इन्हीं पदाधिकारियों ने पूरे मध्य नागपुर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बागी निर्दलीय उम्मीदवारों राजेश पुणेकर और कलाम का साथ दिया और कांग्रेस के दो गुट बना दिये. ये अधिकारी पूरे चुनाव प्रचार के दौरान गायब रहे और बंटी ने शेल्के को हराने की साजिश रची. वहीं देवडिया कांग्रेस भवन में काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि नाना पटोले के अनुरोध पर कांग्रेस भवन को तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया.

इस समय तौसीफ खान, नागपुर शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष, महासचिव महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग इरफान काजी वरिष्ठ कांग्रेस सेवा दल बबनराव दुरुगकर, अशरफ खान, सहदेव गोसावी, उषा खरबिकर और आकाश गुजर मौजूद रहे.

10.88 लाख की साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक

नागपुर। साइबर ठगों ने मानकापुर पुलिस थाना अंतर्गत वर्क फ्राम होम का झांसा देकर एक युवक को 10.88 लाख रुपये का चूना लगा दिया. पुलिस ने उत्थाननगर, गोरेवाड़ा निवासी शुभम विट्ठलसिंह बैस (29) की शिकायत पर समता राहुल और रविंद्र पाटिल के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

शुभम रोजगार की तलाश में था. इसी बीच आरोपियों ने टेलीग्राम एप्लिकेशन के जरिए उसे वर्क फ्राम होम का मैसेज भेजा. जिसमें रोजाना 2 से 3 हजार रुपये कमाने की जानकारी दी गई थी. शुभम ने आरोपियों को मैसेज किया. उसे टेलीग्राम एप पर ही एक लिंक भेजकर यूजर आईडी बनाने को कहा गया.

बढ़ती समस्याओं की परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

कलमेश्वर.

कलमेश्वर गोंडखेरी मार्ग पर बने रेलवे गेट क्रमांक 289,की बढ़ती समस्याओं से आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर पहले 2, रेल्वे पटरियां बिछी हुई थी,अब इनकी संख्या 6,हो गई।यह गेट रेल्वे स्टेशन से काफी नजदीक होने के कारण इस गेट पर हमेशा ट्राफिक का जाम लग जाता है।

यह फाटक औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण इसी मार्ग से औद्योगिक कम्पनियां में कामगारों के साथ भारी वाहनों का 24,सो घंटे अनजाना शुरू रहता हैं, । और ग्रामीण इलाकों से जुड़े होने के कारण शैलू, केतापर, सावंगी, लिंगा, गुमथला,लड़ाई, आष्टी, कलम्बी, गोंडखेरी,जैसे अनेक ग्रामीण इलाकों से लोगों का कलमेश्वर तहसील मे आना जाना होता है।

नई दिल्ली चेन्नई मार्ग होने से लगातार ट्रेनों का आना जाना शुरू रहने के कारण गेट को बार बार बंद करना पड़ता है एक बार गेट बंद करने के बाद 3,4, ट्रेनों को निकालने के बाद कुछ पल के लिए गेट खुलता है और फिर बंद करने का सायरन बजता है उसके कारण पूरी तरह से ट्राफिक निकलने के पहले ही गेट बंद हो जाता है यह गेट रेल्वे स्टेशन से काफी नजदीक होने के कारण इंटरलॉक हो जाता है उनकी चाबी स्टेशन मास्टर के पास होती है जब स्टेशन मास्टर चाबी देगा तब गेटमेन द्वारा गेट खोलने पर ट्राफिक पास होगा।

इस गेट के बार बार बंद होने से कई बीमार लोगो ने गेट पर ही तोड़ा दम,।।।

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ कंपनियों में काम कर रहे कामगार के साथ अन्य ग्रामीण क्षेत्र में से किसी भी व्यक्ति को अगर हार्ट अटैक आता है और गेट बंद होने के कारण वह मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण उस मरीज की गेट पर ही मौत हो जाने की खबर मिली है पिछले महीने में 2 लोगो की मौत गेट बंद मिलने के कारण हुई ऐसा स्थानीय लोगों ने बताया।

और इस गेट के बार बार बंद होने की शिकायतें कई बार दिल्ली मंत्रालय और नागपुर रेल्वे डिवीजन को भी दी गई थी,फिर भी कोई बात की सुनवाई नहीं हुई। महाराष्ट्र में

> 30 सालों से हो रही है उड़ान पुल बनावाने की मांग

नए उद्योग को लाने के लिए करना होगा प्रयास

पिछली सरकार के मंत्री बने केदार और रामटेक के सांसद ने कलमेश्वर शहर और तहसील मे न तो कोई विकास कार्य किया और ना ही औद्योगिक क्षेत्र में कोई नई कंपनियां ओर ना ही विकास काम किया, गया। और ना ही कोई नई कंपनियां खुली यहा का बेरोजगार युवक परंपरात में जाकर अपना रोज़गार नौकरी देखता है मोदी सरकार से यहा के युवकों को काफी उम्मीदें हैं और विश्वास भी है की इस बार कलमेश्वर शहर में बनी एमआईडीसी , में नई कंपनियां आएगी।

रिसर में कई भूखंड पड़े हैं खाली

एमआईडीसी परिसर में कई भूखंड खाली पड़े हैं खाली भूखंडों को एमआईडीसी ,उद्योग भवन को वापस लेने पर जोर दिया गया तो उनको नए तरीके से एमआईडीसी वापस आवंटित कर नए उद्योग शुरू करवा के बेरोजगार युवक को काम मिले इस कार्य की ऑर कदम उठाने की आवश्यकता है।। नितिन गडकरी साहेब और बावनकुले ने जनता को दिलाया भरोसा। सावनेर कलमेश्वर विधानसभा चुनाव की कलमेश्वर बाजार चौक में हुई

आनेवाली सरकार और नए आमदार आशीष देशमुख से जुड़ी है उम्मीद। हाल ही में हुवे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भारी सफलता मिली, सावनेर कलमेश्वर विधानसभा सीट पर आशीष देशमुख ने जीत दर्ज कराई,शहर के साथ तहसील की जनता ने भरी मतदान कर देशमुख को विजय भव का आशीर्वाद दिया है। जनता को भरोसा हे की अब जल्द ही उड़ान पुल बनावाने के लिए रास्ता साफ हो गया है क्योंकि पिछली सरकार के आमदार और सांसद ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

सभा में नितिन गडकरी साहब और बावनकुले ने कहा की आप इस चुनाव में सावनेर से आशीष देशमुख को विजय बनाए तो आने वाले समय में कलमेश्वर औद्योगिक क्षेत्र में नई कंपनियां आएगी और मार्ग पर रेल्वे गेट क्रमांक 289,पर उड़ान पुल बनावाने का कार्य जल्द किया जाएगा।

और नागपुर से नरखेड मार्ग पर मेमू रेल भी शुरू करवाने का कार्य शुरू किया जायेगा। चुनाव में बीजेपी की सरकार बनाने का काम जनता ने किया अब उड़ान पुल बनावाने का कार्य और औद्योगिक क्षेत्र में नई कंपनियां लाने का काम बीजेपी सरकार करे ऐसी आशा नागरिकों ने की है।

बढते सडक हादसे चिंता विषय

> पीड़ितों को तुरंत मदद पहुंचाना किसकी जिम्मेदारी?

सावनेर.

तहसील में सड़क दुर्घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं, जहां कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है और कई लोगों को हाथ-पैर तुडवाकर दर्द सहना पड़ता है। ऐसे में दुर्घटना पीड़ितों को तुरंत मदद पहुंचाना किसकी जिम्मेदारी है, सावनेर, केलवद, खापा, खापरखेड़ा थाने के अधिकारी और तालुका में जिम्मेदार माने जाने वाले ट्रैफिक पुलिस या फिर तालुका में हाईवे की सुरक्षा करने वाली हाईवे पुलिस की या हितज्योति आधार फाउंडेशन की सावनेर तहसील मुख्यालय के पांच से पच्चीस किलोमीटर के क्षेत्र में जहां हर जगह ऐसी अप्रिय सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, वहां लगातार यह बात सामने आ रही है कि निस्वार्थ मदद का पहला सहारा हितज्योति आधार फाउंडेशन है।

क्योंकि क्षेत्र के नागरिकों को पता है कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वे समय पर पुलिस स्टेशन या क्षेत्र के पुलिस अधिकारी तक पहुंचेंगे। और इसलिए उनके संपर्क विवरण नागरिकों के पास नहीं हैं, लेकिन इसके विपरीत, हितज्योति आधार फाउंडेशन के संस्थापक हितेश बंसोड़ और उनके सहयोगियों के संपर्क विवरण कई लोगों के पास हैं।

वह कई सोशल मीडिया ग्रुप्स पर एक्टिव हैं। और जैसे ही कुछ ऐसा घटित होता है तो बिना समय गंवाए जिस थाने में घटना घटी है वहा पहुचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जाता है। अक्सर देखा जाता है कि पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर न पहुंच कर सीधे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर खानापुर्ती करते नजर आते हैं. हर पुलिस स्टेशन और हाईवे पर ट्रैफिक पुलिस अधिकारी मौजूद रहते हैं, लेकिन दुर्घटना होने पर तुरंत मौके पर पहुंचते दिखाई नहीं देता. धन्य हैं हम सावनेरकर जो हितज्योति आधार फाउंडेशन के हितेश बंसोड़ और उनके सहयोगियों को समय पर सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हैं, जिससे अब तक कई दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाई जा सकी है। ऐसे हितज्योति के सभी साथियों एवं मित्रों की निस्वार्थ सेवाका जीतना धन्यवाद दिया जाए वो कम ही है.

संस्कृत विश्वविद्यालय में शास्त्रभारती व्याख्यानमाला का आयोजन आज

रामटेक.

कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय ने भारतीय दर्शन और योग विभाग के सहयोग से शास्त्र भारती व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया है। 4 दिसंबर 2024 को डॉ. तोतडे सभागार में यह कार्यक्रम संपन्न होगा. कुलगुरू प्रो. हरे राम त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शास्त्र भारती व्याख्यानमाला आयोजित की जाती है. शास्त्र भारती व्याख्यान श्रृंखला भारतीय दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित एक नियमित व्याख्यान श्रृंखला है, जिसमें दर्शनशास्त्र के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। अंताराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट और योग चिकित्सक डॉ. महेश करंदीकर मुख्य वक्ता हैं।

डॉ. करंदीकर, जो पिछले 30 वर्षों से नासिक में न्यूरोलॉजिस्ट के रूप में काम कर रहे हैं और जिन्होंने महाराष्ट्र के नासिक में पहली अत्याधुनिक मस्तिष्क सर्जरी की थी, मरीजों को परामर्श देते-देते योग की ओर मुड़ गए। उन्होंने मस्तिष्क की सर्जरी, जो बहुत ही जटिल और नाजुक होती है, करके सर्जरी के बाद जीवित रहने के लिए रोगियों को ताकत और आत्मविश्वास देने और शरीर और मन के स्वास्थ्य के लिए योग भी सिखाया। डॉ करंदीकर "आधुनिक मेंदू विज्ञान और योग" पर व्याख्यान देंगे। इस व्याख्यान श्रृंखला की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी करेंगे I इस व्याख्यान कार्यक्रम के संयोजक कुलसचिव डॉ. देवानंद शुक्ल एवं रामटेक परिसर निदेशक प्रो. हरेकृष्ण अगस्ती विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विस्तार सेवा मंडल के निदेशक आचार्य कृष्णकुमार पांडे भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में भारतीय दर्शन विभाग द्वारा संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले योग विभाग के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. कलापिनी अगस्ति, अधिष्ठाता, भारतीय धर्म, दर्शन और संस्कृति संकाय और समन्वयक डॉ. सचिन द्विवेदी एवं सह-समन्वयक डॉ. सचिन डावरे हैं.

बाघ और तेंदुए की लड़ाई में तेंदुए की मौत



सावनेर.

तहसील के खेकरानाला क्षेत्र में बाघ और तेंदुए के बीच हुई लड़ाई में करीब दो साल उम्र के तेंदुए की मौत का मामला सामने आया है. घटना 3 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे खेकरानाला डॉरमेट्री रिसॉर्ट के करीब की है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, खेकरानाला जलाशय क्षेत्र में पट्टेदार बाघ और तेंदुए हर दिन सुबह 7 बजे के आसपास और शाम 5 से 6 बजे के आसपास दिखाई देने की बात कही जा रही है. इस क्षेत्र में बाघ और तेंदुए का आना-जाना लगा रहता है। 3 दिसंबर को सुबह करीब 7 बजे खेकराना डॉरमेट्री रिसोर्ट के सामने आज बस्ती से आ रहे लोगों ने एक तेंदुए को मृत पाया उसके आसपास बाघ के पंजों के तेंदू के खून से सने हुए निशान दिखाई देने से बाघ व तेंदुए झडप होने के कयास लगाये गये. तेंदुए के शवों और धारीदार बाघों की उपस्थिति के कारण क्षेत्र के नागरिक भयभीत हैं और उन्हें कभी भी बाघ के हमले का डर सताने लगा है,तथा खेत मे खड़ी फसल को कैसे बचाए रखा जाए और कृषि कार्य कैसे किया जाए, इस पर प्रश्नचिह्न लगा हुआ है.

श्री महालक्ष्मी म्यूजिकल ग्रुप कार्यक्रम 5 को

नागपुर.

5 दिसंबर को कविवर्य सुरेश भट सभागृह में महालक्ष्मी म्युझिकल ग्रुप और हार्मोनी इवेंट्स द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का आयोजन 5 दिसंबर, गुरुवार को कविवर्य सुरेश भट सभागृह में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 90 के दशक के प्रसिद्ध गीतों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध हेमन्त कुमार म्युझिकल ग्रुप, मुंबई के हेमन्त कुमार महाले उपस्थित रहेंगे। संगीत का निर्देशन सुप्रसिद्ध संगीतकार मयुर सोनी, अहमदाबाद द्वारा किया जाएगा, और अहमदाबाद की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका अमृता पाटील सोनी अपने मधुर आवाज में गाने प्रस्तुत करेंगी। साथ ही, नागपुर के 14 वाद्य कलाकार भी इस कार्यक्रम में वादन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन हार्मोनी इवेंट्स के राजेश समर्थ और महालक्ष्मी म्युझिकल ग्रुप द्वारा किया जाएगा, और इसे मध्य भारत के सुप्रसिद्ध "व्हाईस ऑफ उदित नारायण" फेम मयंक भोरकर प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में "व्हाईस ऑफ कुमार सानु" के नितीन सोनटक्के, कोल्हापूर और निकिता जोशी, नागपुर भी अपनी प्रसिद्ध ग़ज़ल और गानों से श्रोता को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम का सुरेल संचालन लाफ्टर चैलेंज फेम साजिद कुरेशी और नासिर खान करेंगे।

'संगीत मानापमान' का भव्य म्यूज़िक लॉन्च समारोह संपन्न

नागपुर.

जियो स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत आगामी म्यूज़िकल फिल्म 'संगीत मानापमान' का भव्य म्यूज़िक लॉन्च समारोह मुंबई में बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। यह फिल्म 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और यह कला, संस्कृति और संगीत का एक शानदार उत्सव बनने जा रही है। यह फिल्म खाडिलकर के 114 वर्ष पुराने प्रतिष्ठित नाटक से प्रेरित है और 'कट्यार काळजात घुसली' और 'डॉ. काशिनाथ घाणेकर' जैसे प्रतिष्ठित फिल्मों की धरोहर को आगे बढ़ाते हुए एक नया रूप प्रस्तुत करती है। नयनरम्य दृश्य, शानदार संगीतमय कथा और बेहतरीन कलाकारों का मिश्रण दर्शकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनेगा।

इस फिल्म की म्यूज़िक को शंकर-एहसान-लॉय द्वारा संगीतबद्ध किया गया है, जिसमें 14 गाने हैं, जिन्हें 18 प्रमुख गायकों ने अपनी आवाज दी है। इनमें से 7 गायकों ने राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते हैं। प्रसिद्ध गायकों में शंकर महादेवन, सोनू निगम, राहुल देशपांडे, महेश काळे, अवधूत गुप्ते, बेला शेंडे, प्रियांका बर्वे, आर्या आंबेकर, प्रतिभा सिंह बघेल, जसराज जोशी, आनंद भाटे, शौनक अभिषेकी, सावनी रवींद्र, हृषीकेश बडवे, अस्मिता चिंचाळकर, कृष्णा बोंगाणे, शिवम महादेवन और श्रीनिधी घटाटे का नाम शामिल है।

इस भव्य म्यूज़िक लॉन्च कार्यक्रम में फिल्म की पूरी स्टार कास्ट मौजूद थी। लाइव प्रदर्शन के दौरान गायकों ने अपनी आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर फिल्म के मूल नाटक के प्रसिद्ध गानों और फिल्म में प्रस्तुत नई रचनाओं का समावेश किया गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मीडिया और कंटेंट बिजनेस की चेयरपर्सन ज्योति देशपांडे ने कहा, "जियो स्टुडियोज़ में हम कुछ अद्भुत और भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रस्तुत करने वाली कहानियाँ बड़े पर्दे पर लाने के लिए उत्साहित हैं। 'संगीत मानापमान' मराठी संगीत रंगभूमी की शाश्वत कला को सम्मानित करता है और शंकर-एहसान-लॉय के अद्वितीय संगीत के साथ, यह फिल्म दर्शकों को प्रेरित करने का एक बेहतरीन उदाहरण होगी। संगीतकार शंकर महादेवन ने इस मौके पर कहा, अविश्वसनीय गायकों के साथ काम करना अद्भुत अनुभव था। समीर सामंत के गीत सचमुच ताजगी से भरे हुए हैं। मुझे यकीन है कि दर्शक इस संगीत यात्रा से मंत्रमुग्ध होंगे।"

अभिनेता और निर्देशक सुबोध भावे ने कहा, "कट्यार काळजात घुसली के बाद हम अब 'संगीत मानापमान' लेकर आ रहे हैं, जो महाराष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है। शंकर-एहसान-लॉय का संगीत और प्रतिभावान गायकों का योगदान फिल्म को बेहतर बनाएगा। संगीत मानापमान का म्यूजिक लेबल सारेगामा है। फिल्म में सुबोध भावे, सुमित राघवन, वैदेही परशुरामी, उपेंद्र लिमये, नीना कुलकर्णी, निवेदिता सराफ, शैलेश दातार और अर्चना निपाणकर मुख्य भूमिका में हैं। पटकथा और संवाद शिरीष गोपाळ देशपांडे और ऊर्जा देशपांडे ने लिखा है, जबकि अतिरिक्त पटकथा और संवाद प्राजक्त देशमुख ने तैयार किए हैं। इस संगीतमय फिल्म का आनंद सिनेमाघरों में जरूर लें!

नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में रोष बढ़ा

नागपुर.

जाफर नगर स्थित अवस्थी चौक पर हिन्दू भाइयों को मुसलमानों के खिलाफ भड़काने की नियत से दिए गए भड़काऊ बयान पर सभी वर्ग के स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में रोष बढ़ ,इस कारण आज डी.सी.पी ऑफिस व गिट्टी खदान थाने का घेराव आम नागरिकों द्वारा किया गया,गिट्टीखदान थाने में युवा सनातनी संगठन द्वारा जाफर नगर,अवस्थी चौक पर एक रैली में बजरंग दल के छूटभाईये नेता "कमल हरियाणी" व इसके साथियों द्वारा मुसलमानों के लिए अभद्र टिप्पणी की गई एवं दंगा भड़काने की नीयत से अपशब्द का उपयोग किया था, जिसे स्थानीय रिपोर्टर द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से सुरक्षित कर वायरल किया गया था इस कारण स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विविध धाराओं के तहत जरीपटका निवासी "कमल हरियाणी" के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की, तथा पुलिस डिपार्टमेंट से दरख्वास्त की गई के इसपर पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए. जिसके लिए पश्चिम नागपुर टीम ने भी अपने लेटर पर लिखित निवेदन दीए और मामला हुआ धारा 196 ,और धारा 299 के तहत कार्रवाई हुई.

15 वर्षीय लड़की की मौत

हिंगना.

खेत में कपास तोड़ते वक्त सर्पदंश से एक 15 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। यह घटना सोमवार को दोपहर हिंगणा पुलिस थाना क्षेत्र के घुटीपांजरी शिवार में घटी। मृतक लड़की का नाम सुनिता अंतऋषी देशमुख, निवासी ठाकरवाड़ी, तह. हाथगांव, जिला नांदेड, था।

वह अपने परिवार के साथ घुटीपांजरी में मजदूरी करने आई थी। घटनास्थल पर बि. रामाराजु राजु के खेत में उसका परिवार काम कर रहा था। इसी दौरान सोमवार को जब सुनिता कपास तोड़ रही थी, तभी उसके दाहिने पैर में सांप ने डस लिया। दर्द से तड़पती सुनीता को परिजनों ने तुरंत इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक लड़की के चचेरे भाई प्रकाश शंकर देशमुख निवासी ठाकरवाड़ी, तह. हाथगांव, जिला नांदेड ने इस मामले में हिंगना पुलिस स्टेशन में अकस्मात मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उमरेड में चोरी, आरोपी नागपुर से गिरफ्तार

> 4.31 लाख का 70 ग्राम सोना जब्त

उमरेड.

संदिग्ध आरोपी विक्की हिरासत में

उमरेड पुलिस थाने में जितेंद्र बालकेश्वर शर्मा (54 वर्ष, समाज भवन के समीप, वायगांव घोटुर्ली, उमरेड) ने चोरी की शिकायत दर्ज की है. आरोपी से 4 लाख 31 हजार 200 रुपए का 70 ग्राम सोना जब्त कर आरोपी को उमरेड पुलिस के हवाले कर दिया है. कार्रवाई पुलिस निरीक्षक राहुल शिरे, उपनिरीक्षक राहुल रोटे, टप्पूलाल चुटे, राजेंद्र टाकलीकर, चंद्रशेखर गौतम, गणेश ठाकरे, प्रमोद वावणे, अनीस खान, विशाल नागभिड़े, देवचंद थोटे, रोशन तांदुलकर, सुनील यादव, अमोल भक्त ने की.

तहसील के वायगांव घोटुली में चोरी करने वाले आरोपी को नागपुर अपराध शाखा की यूनिट-5 ने गिरफ्तार किया है. आरोपी से 4 लाख 31 हजार 200 रुपए का 70 ग्राम सोना जब्त किया गया है. आरोपी के दो साथी अब भी फरार हैं. आरोपी को उमरेड पुलिस के हवाले कर दिया गया है. गिरफ्तार आरोपी का नाम विक्की योगेश डहेरिया (23 वर्ष, झाड़े चौक, दहीबाजार, शांतिनगर) है. फरार आरोपियों का नाम उर्फ मंथन मोरेश्वर साकुर (शांतिनगर) और गुरुप्रीतसिंह परविंदरसिंह भाटिया उर्फ पाजी (यशोधरानगर) है. अपराध शाखा का दल गश्त पर था. इस समय मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने शनिचरा बाजार फायर ब्रिगेड के बगल में खड़े संदिग्ध आरोपी विक्की को हिरासत में लिया. उसकी तलाशी लेने पर उसके पास सोने के जेवर मिले. उसे पुलिस थाने में लाकर पूछताछ की गई. आरोपी ने अपने साथी उर्फ मंथन और गुरुप्रीतसिंह के साथ उमरेड तहसील वायगांव घोटुर्ली में चोरी करने की बात कही. यह जेवर उसी चोरी के होने की बात कबूल की. अपराध शाखा पुलिस ने इस संबंध में उमरेड पुलिस से घटना की पुष्टि की.

ज्ञानदीप कान्वेंट में वार्षिकोत्सव का सफल आयोजन

रामटेक.

स्थानीय ज्ञानदीप कॉन्वेन्ट,जूनियर कॉलेज ऑफ साइंस और कॉलेज ऑफ फार्मेसी रामटेक में दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया. एक दिसंबर को खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस निरीक्षक आसाराम शेटे ने किया. वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व विधायक एवं संस्था के संचालक डी. मल्लिकार्जुन रेड्डी ने किया.

अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार चौकसे ने की. इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्षा अनिता जायसवाल, सचिव केवल हटवार, कोषाध्यक्ष डॉ. एम.एस. कुरेशी, यांनी सचिव धनराज काठोके, सदस्य सर्वश्री कमलेश टकामोरे,मनोहर राघोर्ते,यशवंत सहारे, डॉ. अब्दुल गनी, प्रकाश चौक, भास्कर रेड्डी,ऋषि किंमतकर, डॉ. ओंकार चौधरी, रश्मि काठीकर, कॉन्वेन्ट की प्राचार्या भुवनेश्वरी ठाकरे, फार्मेसी के प्राचार्य संजय कुमार उचीबगले,अभिभावक, शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे, खेल के विजेताओं को नगद पुरस्कार और सम्मान पत्र दिए गए. विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, उपस्थित लोगों ने संस्था संस्थापक स्व. डॉ. विनोदकुमार जायस्वाल को याद किया व ग्रामीण विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली अंग्रेजी शिक्षा प्रदान करने के लिए उनकी सराहना की. प्रस्तावना प्राचार्य भुवनेश्वरी ठाकरे एवं प्राचार्य संजय कुमार उचिबगले ने रखी. संचालन स्नेहा खांडेकर, मुक्ता सेलोकर, लता गजभिये एवं अश्विनी सहारे ने किया. आभार अर्चना राऊत एवं रेखा डोंगरे ने माना.

महुआ शराब के खिलाफ दो जगहों पर कार्रवाई

> 2 लाख 78 हजार का माल जब्त

समुद्रपुर.

पुलिस ने मौजा गणेशपुर पारधी बेड़ा उब्दा शिवार और शेडेगांव शिवार में गावठी मोहा दारू के खिलाफ कार्रवाई कर 2 लाख 78 हजार रुपये का माल जब्त किया है और 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.पहली कार्रवाई गणेशपुर पारधी बेड़ा उब्दा शिवार में करते हूऐ अंतरिक्ष उर्फ वंश शैलेश वालदे (18) वर्ष सुनील पवार (फरार) निवासी गणेशपुर पारधी बेड़ा, चेतन वटमोडे (फरार) नाकाबंदी के दौरान गावठी मोहा में आरोपियों को शराब परिवहन करते हुए पाया गया और दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 32 एपी 5345 जब्त किया गया 1,30,000, 2) 07 प्लास्टिक बड़ा पन्नी 105 लीटर गावठी मोहा कीमत 21,000 रूपये कुल 1,51,000 का माल प्राप्त हुआ।वहीं दूसरी कार्रवाई में राकेश बंडू राठोड उम्र 21 वर्ष तेजस राजू कांबले उम्र 21 वर्ष कुमान पवार (फरार) विशाल झाडे (फरार) के कब्जे से दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 32 एन 3183 कीमंत 100000, 2) 180 लीटर मोहा शराब 12 प्लास्टिक बड़े पनै में 27,000 न्यूनतम1 27,000 रु सामग्री जब्त कर ली गई है.

आरोपियों को शराब परिवहन करते हुए पाया गया

जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कुमार कवडे के निर्देशानुसार उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित, थानेदार संतोष शेगांवकर के आदेश पर डी.बी. टीम में रामदास चकोले, प्रकाश मैद, कपिल मेश्राम, संजय वानखेड़े, सत्यप्रकाश इंगले ने कार्रवाई की।

सहकारी बैंक कर्मचारी महासंघ का त्रिवार्षिक सम्मेलन संपन्न

वर्धा.

म.रा.स.बैंक कर्मचारी महासंघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन रविवार को कल्याण, जिला ठाणे स्थित मराठा ग्याती सभागार में संपन्न हुआ। सत्र का उद्घाटन कल्याण जनता सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक अनंत कुलकर्णी ने किया। इस अवसर पर मंच पर प्रदेश अध्यक्ष विजय मोगल, सहकारी बैंक प्रदेश प्रभारी विराज टिकेकर, सरचिटणीस अनिल ढुमने उपस्थित थे। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने अपने खुमासदार अंदाज में दफ्तर से आगे बढ़कर सहकारी बैंकों के सामने आने वाली चुनौतियों से कैसे पार किया जाए, इस पर अपने विचार व्यक्त किए। राज्य अध्यक्ष विजय मोगल ने अपने परिचय में इस सम्मेलन के आयोजन की आवश्यकता और सहकार के क्षेत्र में नई चुनौती के लिए फेडरेशन की आवश्यकता को प्रस्तुत किया, जबकि महासचिव एड. अनिल धुमने ने फेडरेशन के अब तक के कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की।

अधिवेशन अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अधिवेशन में मुंबई, ठाणे, पालघर, नासिक, जलगांव, संभाजीनगर, नांदेड़, सोलापुर, सांगली, कोल्हापुर, पुणे, अमरावती, लातूर, बुलढाणा, नागपुर, भंडारा, यवतमाल और वर्धा से सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सुनील पाटणकर ने भाग लिया।

अधिवेशन में ईपीएफ 95 पेंशन न्यूनतम 5000 करने, सहकारी बैंकों में कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों के लिए श्रम कानूनों को अनिवार्य रूप से लागू करने, सहकारी बैंक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष करने, नागरिक सहकारी बैंक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक क्यों- ऑपरेटिव बैंक और बहु-राज्य सहकारी बैंक स्टाफ निदेशकों की नियुक्ति नहीं कर रहे हैं, सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए, साथ ही सहकारी बैंकों में घटती जमा राशि के संबंध में चिंताओं और समाधानों पर चर्चा की गई और समाधान किया गया। इन प्रस्तावों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए जनवरी 2025 में समाहरणालय पर प्रदर्शन करने का भी निर्णय लिया गया।

उपस्थित विभिन्न जिलों के बैंकों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी भारतीय मजदूर संघ के 70वें वर्ष के उपलक्ष्य में सभी स्थानों पर मजदूर संपर्क अभियान, निधि संग्रह, पंच परिवर्तन, महिला-युवा, सभा, अध्ययन वर्ग आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सत्र का समापन पश्चिमी क्षेत्र के केंद्रीय मंत्री सी.वी. राजेश ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नये सरचिटणीस बालासाहेब कांबले ने दिया। सम्मेलन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए किरण मिलगीर, बालासाहेब कांबले, मोहन येनुरे, श्रीपाद कुटासकर, विलास आंबेकर, मोहन नाइक, उमेश भोसले, भरत गोडाम्बे, दीपक गांगोडे, सुभाष भोईर, रवि सुसलादे, कुमार मिस्त्री और कई अन्य कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की।

फिरदौस मिर्झा द्वारा व्याख्यान का आयोजन 7 दिसंबर को

वर्धा.

नागपुर यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के पूर्व प्राचार्य दिनकर मेघे की व्याख्यान शृंखला का 17वा पुष्प वरिष्ठ वकील एड.फिरदौस मिर्झा यह 7 दिसंबर को 'वर्तमान स्थिति में संवैधानिक समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता' विषय पर बोलेंगे। स्थानीय सत्यनारायण बजाज सार्वजनिक जिला ग्रंथालय के सभागृह में शाम 5.30 बजे वरिष्ठ गांधी विचारक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लीलाताई चितले, नागपुर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। एड.मिर्झा ने मानवाधिकारों, सामाजिक न्याय और वंचितों के मुद्दों के लिए कानूनी तरीकों से लड़ाई लड़ी है, अक्सर जनहित याचिकाएँ दायर की हैं। वह अपने कई लेखों के लिए जाने जाते हैं. जो भारतीय संविधान, कानून और समाज के सामने आने वाले समसामयिक मुद्दों पर केंद्रित हैं। प्राचार्य दिनकरराव मेघे स्मृति ट्रस्ट की ओर से अपील की गई है कि प्रबुद्ध नागरिक इस व्याख्यानमाला में शामिल हों.

ऑनलाईन पंजीयन के लिए केवल 12 दिन शेष

गोंदिया.

जिले में महाराष्ट्र मार्केटिंग फेडरेशन की ओर से खरीप मौसम के धान की शासकीय खरीदी के लिए अब तक कुल 117 धान खरीदी केंद्र सहकारी संस्थाओं के माध्यम से गांव-गांव में शुरू किए गए है। इन केंद्रों पर अब 87 हजार से अधिक किसानों ने अपना ऑनलाईन पंजीयन करवाया है। उल्लेखनीय है कि ऑनलाईन पंजीयन करवाने वाले किसान ही शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर केंद्र द्वारा घोषित समर्थन मुल्य पर अपने धान की बिक्री करने के लिए पात्र माने जाते है। जिले में 1 लाख 50 हजार से अधिक किसान होने के बावजूद अब तक केवल 87 हजार ने अपना पंजीयन करवाया है।

जबकि अब पंजीयन के लिए किसानों के पास केवल 12 दिन शेष रह गए है। क्योकि ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2024 है। जिले में अब तक शुरू किए गए धान खरीदी केंद्रों पर केवल 3 लाख 8 हजार 942 क्विंटल धान खरीदा गया है और यह खरीदी 8 हजार 636 किसानों से की गई। अर्थात पंजीयन कराने वाले 75 हजार किसानों ने अभी तक अपने धान की बिक्री शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर नहीं की है। शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर अपने धान की बिक्री करने वाले किसानों को उनके द्वारा बिक्री किए गए माल के भूगतान की राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाती है। शासन ने किसानों के धान का भूगतान करने के लिए नया बीज ॲप शुरू किया है। इसको अपडेट करने का काम अभी चल रहा है। जिसके कारण किसानों को अपने भूगतान के लिए अभी कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। जिला मार्केटिंग अधिकारी विवेक इंगले ने अब तक पंजीयन न कराने वाले किसानों से जल्द से जल्द शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर जाकर ऑनलाईन पंजीयन कराने का आव्हान किया है।

गौवंश से लदा वाहन पकड़ा, मामला दर्ज

गोंदिया. जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई किए जाने के बावजूद जिले से गौवंश की तस्करी थम नहीं रही है। इसी दौरान चिचगड पुलिस ने 30 नवंबर की रात लगभग 11.30 बजे के दौरान महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन क्र. एमएच-40/सीएम-7814 को रोककर उसकी जांच की तो उसमें 75 हजार रूपए मुल्य के 3 गौवंश मवेशी लदे हुए दिखाई पड़े। जिसमें 2 सफेद एवं 1 लाल रंग का मवेशी था। इस घटना के संदर्भ चिचगड पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्र. 126/2024 प्राणी निर्दयता प्रतिबंधक कानून की धारा 11 (1) (ड) एवं महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 5, 5 (अ) 5 (ब) 9 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 119 के तहत मामला दर्ज किया है।

खेत में करंट लगने से 27 वर्षीय युवक की मौत

समुद्रपुर.

समुद्रपुर तालुका के वासी में, एक किसान ने जानवरों से बचाव के लिए बिजली का करंट लगाकर रखनेसे शुभम बंडू चावरे उम्र 27 वर्ष उमरी की मौके पर ही मौत हो गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वासी के किसान अजय पाटिल ने अपने खेत में जंगली जानवरों से बचाव के लिए लगाए गए करंट से मृत्यु हूवा है इस बीच, शुभम बंडू चावरे, उम्र 27 वर्ष, सोमवार को अपने खेत के लिए निकला था। पाटील इनके खेते मे कंटर लगाया है इसकी जानकारी नहि रहने से 27 साल के शुभम बंडू चावरे ने जैसे ही खेत में पैर रखा, वह करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, क्योंकि उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि पाटिल को खेत में करंट लगा गया है। इस संबंध में गिरड पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दी गई है और थानेदार संदीप गाडे के मार्गदर्शन में पुलिस आगे की जांच कर रही है.

कृष्णा पेठ हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना

हिंगनघाट.

विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुणावार लगातार तीसरी बार निर्वाचित होते हूऐ विधायक बने हैं सभी लोगों को उम्मीद है कि उनके काम को देखकर उन्हें मंत्री पद मिले ये अपेक्षा किऐ. इसके लिए कोरा के कृष्णा पेठ स्थित हनुमान मंदिर में महिला भजन मंडली के साथ भजन करते हूऐ विधीवत पुजा किऐ गई. भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने विधायक समीर कुणावार को मंत्री पद मिलने के लिए कृष्णा पेठ के हनुमानजी को मनोकामना कि है इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी समुद्रपुर तालुका अध्यक्ष वामनराव चंदनखेड़े, पुर्व जिल्हा परीषद सदस्य रोशन चौखे, ह.भ.प हेमंत महाराज तेजाने, अरुणभाऊ चौधरी, मनोज बारस्कर युवा तालुका अध्यक्ष, किशोर नेवल, वसंतराव घुमड़े मा.प.स हेमंत राऊत, गुलाबराव चिंचुलकर, मोहनराव बाकरे उपस्थित थे, अनिल पिसुड्डे, अनिल भाऊ चाफले, संकेत गवली, गौरव नखाते, मंगेश चिंचुलकर, डॉ. विजय महाजन, कमलेश भोईर, चन्द्रशेखर गवली, रोहित आस्कर, राकेश सपात, हेमंन कोकड़े, दिनेश तिवेदी, संदीप गोरे, धनराज वाकडे, संजय तुळणकर, शुभम भगत, सुभाष लभाने, और तमाम महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

बाल विवाह के विरोध में उठाए आवाज

गोंदिया. बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। इस कुप्रथा के संपूर्ण उन्मुलन के लिए समाज के सभी वर्गों को एक साथ आना होगा। बाल विवाह के कारण बेटियों का बचपन छिन जाता है। उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है, जो भविष्य के लिए घातक होता है। इसीलिए बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। यह आव्हान जिलाधिकारी प्रजित नायर ने जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में आयोजित बैठक में उपस्थितों को संबोधित करते हुए किया। केंद्र सरकार ने देशव्यापी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू किया है। जिला प्रशासन ने बाल विवाह के खिलाफ जनजागृति के लिए रैली एवं शपथ विधी समारोह का आयोजन किया था।

देवरी बस दुर्घटना के चालक पर मामला दर्ज

गोंदिया.

देवरी तहसील के ग्राम अब्दुलटोला के पास 30 नवंबर को सुबह 7.30 बजे के दौरान साकोली डिपो की मानव विकास बस क्र. एमएच-40/एक्यू-6050 बस चालक का नियंत्रण छुट जाने के कारण सड़क किनारे खेत में घुस गई थी। इस मामले में बस चालक ताड़गांव तहसील अर्जुनी मोरगांव निवासी युवराज वासुदेव मडावी (49) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 (ए) एवं मोटर वाहन कानून की धारा 184 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार कुरंजेकर कर रहे है। गौरतलब है कि 29 नवंबर को भंडारा डिपो की नागपुर से गोंदिया की ओर आ रही शिवशाही एसटी बस कोहमारा-गोंदिया मार्ग पर डव्वा खजरी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई थी।

इस दुर्घटना में 11 यात्रियों को अपनी जान गवानी पड़ी थी। इसके ठीक दुसरे दिन 30 नवंबर को सुबह एसटी की मानव विकास बस अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई थी। सौभाग्यवश उस समय बस में केवल ड्राईवर और कंडक्टर ही सवार थे। यह बस साकोली (जिला भंडारा) डिपो की थी एवं 30 नवंबर को सुबह साकोली से निकली थी और सुबह 7 बजे देवरी पहुंचकर ग्राम सिंधीबीरी-आलेवाडा मार्ग से होते हुए चिचगड विद्यार्थियों को लेकर जाने वाली थी और उसी मार्ग से इस बस को वापस आना था। इसी बीच सुबह 7.30 बजे के दौरान देवरी-चिचगड मार्ग पर ग्राम अब्दुलटोला के पास यह बस अनियंत्रित हो गई थी। इस मामले में बस ड्राईवर युवराज की लापरवाही को जिम्मेदार मानते हुए उस पर मामला दर्ज किया गया है। बस में कंडक्टर के रूप में महिला कर्मचारी मंजूषा लांजेवार भी सवार थी। कोई विद्यार्थी अथवा यात्री बस में न होने के कारण किसी प्रकार की जनहानी नहीं हुई। लेकिन लगातार दो दिन दो बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने से जिलावासियों में चिंता की लहर अवश्य दिखाई पड़ी।

मकान से नगद सहित आभूषण पर हाथ साफ

गोंदिया. शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र की 2 अलग-अलग घटनाओं में सुने मकान से नगद सहित आभूषण पर हाथ साफ करने की घटनाएं सामने आई है। जिसमे पहली घटना गोंदिया ग्रामीण थानांतर्गत ग्राम चुलोद की बताई गई है। इस घटना में फरियादी झनकलाल मनिराम कालसर्पे (45) बाहर गांव गया था। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने सुना मौका पाकर उसके घर के दरवाजे में लगा ताला तोड़कर नगद 45 हजार सहित कुल 50 हजार रूपए का माल चोरी कर लिया।

यह घटना 1 दिसंबर को प्रकाश में आई। फरियादी की रिपोर्ट पर गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (4), 305 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार डिबे कर रहे है।

वहीं दुसरी घटना शहर थाना अंतर्गत कुंभारे नगर की बताई गई है। इस घटना में फरियादी कुसम मोहनलाल रघुवंशी (65) बाहर गांव गई थी। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने उसके घर के दरवाजे का ताला तोड़कर कुल 1 लाख 48 हजार 866 रूपए का माल चोरी कर लिया।

जिसमें सोने-चांदी के आभूषण एवं नगद राशि का समावेश है। यह घटना 28 नवंबर की सुबह प्रकाश में आई। फरियादी की रिपोर्ट पर शहर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (3), 331 (4), 305 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक गराड कर रहे है।

कत्तलखाने ले जा रहे मवेशियों को पुलिस ने बचाया

गोंदिया. अर्जुनी मोरगांव थानांतर्गत ग्राम सावरटोला में पुलिस ने कत्तलखाने जा रहे मवेशियों को बचा लिया। यह घटना 30 नवंबर की बताई गई है। जानकारी के अनुसार भंडारा जिला अंतर्गत लाखनी निवासी आरोपी वहीद रहीम शेख (58) अपने ट्रक क्रमांक एमएच 49 बी झेड 4349 में निर्दयतापूर्वक छोटे-बडे मवेशियों को कत्तलखाने ले जा रहा था। उसने उनके चारे-पानी की भी व्यवस्था नहीं की थी।

केडीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुनर्मिलन

वर्धा.

वर्धा स्थित लक्षादित्य एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित। केडीएम प्री एवं पब्लिक विद्यालय का वार्षिक मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी केंद्र वर्धा, यहां से माधुरी दीदी, अध्यक्ष पंकज भूतड़ा, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश केला जी, प्राचार्य वैद्य सर, सचिव कंचनजी मुंधड़ा, शोभाजी मुंधड़ा, रामगोपालजी मुंधड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना अश्विनी इंगोले ने की, संचालन प्रीति इंगोले ने किया और धन्यवाद नादरधाने ने दिया।

इसमें विद्यार्थियों ने आधुनिक कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य प्रस्तुत किये गये। साथ ही देशभक्ति नृत्य, गोंडी नृत्य, कोली नृत्य, महिला जीवन पर आधारित नाटक, मोबाइल जागरूकता नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। माता-पिता द्वारा बहुत सहराया गया।

कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सहयोग किया.

सच्चे कर्म के अनुष्ठान की आवश्यकता: अग्निहोत्री

वर्धा.

गुरुदेव प्रचारक दिन महोत्सव के अवसर पर श्री. संत लहानुजी महाराज टाकरखेड़ में प्रचारकों का महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए श्रीक्षेत्र महाकाली धाम तीर्थ मंदिर संस्थान के अध्यक्ष पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने कहा कि धर्म प्रचारक को सच्चे धर्म की स्थापना और सच्चे कर्म के अनुष्ठान की आवश्यकता होती है। साथ ही उस सत्य कार्य का अनुष्ठान कराते हुए उपदेशक के मन में अनेक प्रकार के शोध, आविष्कार तथा नई-नई खोजों का सृजन करना चाहिए और वह केवल समाज के हित के लिए ही उपदेशक न बने। सामाजिक व्यवस्था में विविध प्रकार के लोगों को किस प्रकार का व्यवसाय करना चाहिए, जैसा कि गुरुदेव ने कहा था कि ग्राम गीताचार्य का अर्थ है कि हमें अपने गाँव की मरम्मत करनी चाहिए, हमें शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए, हमें व्यसनों से मुक्त होना चाहिए, हमें वैज्ञानिक भी बनना चाहिए, हमें विज्ञान का उपयोग करना चाहिए और प्रौद्योगिकी और देश को विकास की ओर ले जाएं।

इस अवसर पर डॉ. प्रशांत ठाकरे, डॉ. भास्करराव विघे गुरुजी, इस्तियाक भाई मान, गुरुवर्य वेरुलकर गुरुजी ने प्रचारकों और उनकी कार्य पद्धति विषय पर विचार रखे। सम्मान समारोह का उद्घाटन पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने विशेष आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में किया पद्मश्री फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. संजय आदमने एवं साक्षी कथ्थक नृत्य अकादमी चैरिटेबल फाउंडेशन के निदेशक डॉ. किरण खडसे की ओर से सम्मानित व्यक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य रूप से डॉ. माया दिलीपराव यावलकर, श्रीमती विजया चन्द्रशेखर दहेकर, हभप किरण श्रीराम राऊत, डॉ. नंदकिशोर काले, डॉ. पायमल्ले, डॉ. जांभलीकर और गुरुदेव प्रचारक प्रमोद दादा भोंगे, राजुभाऊ डांगे, रामचन्द्रदादा कांडलकर आदी सभी का पं. शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने सत्कार किया।

ई-नई खोजों का सृजन करना चाहिए

अखिल भारतीय गुरुदेव सेवा मंडल आयोजन समिति की ओर से पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री, डॉ. संजय आदमने, डॉ. किरण खडसे, डॉ. प्रशांत ठाकरे को शाल और सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम गीताचार्य मनोहर रेचे दादा ने किया। पारिसे दादा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स के निदेशक श्रीराम शर्मा, गांधी सिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अभिजीत रघुवंशी और माई भक्त गणेश काले उपस्थित थे।

हाल्ट के मध्य दो समपार अस्थायी रूप से बंद

गोंदिया. संरक्षित, सुरक्षित एवं तीव्र गति से बाधा रहित ट्रेन परिचालन रेलवे का लक्ष्य है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा संरक्षा के मद्देनजर रखरखाव कार्य के लिए गोंदिया जिले में सालेकसा-धानोली पेसेंजर हाल्ट के मध्य स्थित समपार गेट क्र. 488 तथा 487 को अस्थायी रूप से तीन दिनों के लिए बंद किया जा रहा है। सालेकसा धानोली पेसेंजर हाल्ट के मध्य किमी 964/19-21 पर स्थित मानव सहित समपार (गडमाता गेट) क्र. 488 को 3 से 5 दिसंबर 2024 तक अस्थायी रूप से रखरखाव कार्य के लिए रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद किया जा रहा है। और उपरोक्त दिनों में रखरखाव कार्य के दौरान समपार गेट क्र. 491 (धरबार गेट) से सड़क मार्ग से यातायात की सुविधा प्रदान की गई है। यह जानकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा दी गई है।

एमपीएससी परीक्षा में मात्र 61.98 प्रश. विद्यार्थी हुए शामिल

गोंदिया.



महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग की परीक्षा 1 दिसंबर को गोंदिया शहर के 5 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 1294 विद्यार्थीयों ने पंजीयन कराया था। जिसमें से 802 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए है, जबकि 492 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह मात्र 61.98 प्रतिशत विद्यार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिलाधिकारी कार्यालय के अधिक्षक संजय धार्मिक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मनोहर म्युनिसिपल हाईस्कूल एवं ज्युनियर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 240 विद्यार्थियों में से मात्र 161 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। यहां 79 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों का प्रतिशत 67.08 रहा। एस.एस. अग्रवाल, गर्ल्स कॉलेज विठ्ठल नगर गोंदिया केंद्र पर 240 विद्यार्थियों में से 153 परीक्षा में सम्मिलित हुए। जबकि 87 अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों का प्रतिशत 63.75 रहा।

गुजराती नेशनल हाईस्कूल रेलटोली गोंदिया में 312 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, लेकिन प्रत्यक्ष में केवल 206 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जबकि 106 गैर हाजिर रहे। परीक्षार्थियों की उपस्थिती का प्रतिशत 66.03 रहा। बी.एन. आदर्श सिंधी विद्या मंदिर हाईस्कूल मुर्री रोड़ गोंदिया परीक्षा केंद्र पर 288 पंजीकृत विद्यार्थियों में से केवल 162 परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 126 अनुपस्थित रहे। यहां परीक्षार्थियों की उपस्थिती 56.25 प्रतिशत रही। श्री राजस्थान कन्या विद्यालय एवं ज्युनियर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 214 विद्यार्थियों में से केवल 120 परीक्षा में शामिल हुए। 94 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। यहां परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत मात्र 56.07 रहा।

जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को मजबूर है छात्राएं

सौंसर.

लोधीखेडा -बेटी बचाओ''बेटी पढ़ाओ"का नारा काफी चर्चित है लेकिन जब बेटियों को पढ़ने के लिए एक अच्छा स्कूल भवन ही नही मिलेंगा तो वह किस तरह से पढेंगी!लोधीखेड़ा की शासकीय कन्या हाई स्कूल जो वर्तमान में जर्जर अवस्था में होने से बेटियां पढ़ने के साथ ही हर पल जर्जर भवन की छत की ओर देखती रहती हैं, कही भवन की छत का प्लास्टर टूटकर न गिर जाए. ऐसे में स्कूल की छात्राएं(बेटियां) डर के साए में पढ़ने को मजबूर है सरकार के द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने एवं बेटियों को शिक्षित करने के उद्देश्य को लेकर बेटियों को पढ़ाने स्कुलें शुरू की गई है ताकि बेटियां शिक्षा ग्रहण कर एक अच्छा मुकाम हासिल कर सके. सरकार द्वारा स्कूल भवन तो बना दिया जाता है,लेकिन शासन के जिम्मेदार नुमाइंदो की अनदेखी के चलते स्कूल भवन जर्जर अवस्था में पहुंच जाते हैं. 15 वर्ष पूर्व बना कन्या शाला भवन भी वर्तमान

में जर्जर अवस्था में पहुंच चुका हैं,उक्त जर्जर स्कूल भवन के कमरों में बैठकर छात्राएं(बेटियां)शिक्षा ग्रहण कर रही है. ऐसा ही मामला विकासखंड सौसर के अंतर्गत आने वाली शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोधीखेड़ा का है,जिसे सत्र 24-25 से सीएम राईज स्कूल का दर्जा मिला है और वर्तमान में 10 अतिथि एवं एक रेगुलर शिक्षक के द्वारा उक्त शाला संचालित की जा रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2009 में लाखों की लागत से बना शाला भवन की वर्तमान में स्थिति काफी दयनीय है,स्कूल का भवन जर्जर होने की वजह से कमरों का एवं छत का प्लास्टर जगह-जगह से उखाड़ हुआ है और कब यह भर-भरकर गिरेंगा,कहां नही जा सकता हैं| इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य उमाकांत आमने ने बताया कि स्कूल भवन में कक्षा 9 से 12वीं तक की कक्षाओं में 68 छात्राएं अध्यनरत है. स्कूल भवन की जर्जर अवस्था को लेकर संकुल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीयों को जानकारी देकर अवगत कराया गया है.

नवीन भवन का निर्माण कराया जाने की मांग

शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयो ने बैठक में जर्जर शाला भवन से कोई बड़ी दुर्घटना होने की संभावना जताकर जर्जर हो चुके शाला भवन को गिराने का 22 जुलाई 2024 की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था|जिस पर विभागीय अधिकारियों ने किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई. जिसके कारण वर्तमान में जर्जर हो चुके उक्त शाला भवन में जान जोखिम में डालकर छात्राए(बेटियां) शिक्षा ग्रहण करने मजबूर हैं| पालक गण एवं नागरिकों ने स्कूल का नवीन भवन का निर्माण कराया जाने की मांग की.

मेगा जनरल नॉलेज कॉम्पिटीशन में 1450 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

सौंसर.

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सौसर विकासखंड समन्वयक अधिकारी अनिल बोबडे सर मार्गदर्शन में आयोजित की गई परीक्षा यह परीक्षा 6 केंद्रों पर आयोजित की गईं जिसमें प्रभावती मानेकर कन्हान स्कूल सौसर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपला नारायणवार,लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव, सरस्वती शिशु मंदिर लोधीखेड़ा तथा एक सेंटर जिला पांढुर्ना में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पांढुरना भी बनाया गया था.

विगत 8 वर्षों से सौसर तहसील के सामाजिक, स्वास्थ्य और शिक्षा,सेवा के क्षेत्र में निरंतर काम कर रहे सामाजिक संगठन युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन की आठवीं बार मेगा जनरल नॉलेज कंपटीशन में लगभग 1498 से ज्यादा विद्यार्थियों ने जिसमे लगभग 950 से अधिक तथा पांढुर्ना में लगभग 548 विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा दी यह परीक्षा हर वर्ष 9वी10वी , 11वीं 12वीं और कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित की जाती है संस्था के सभी

सक्रिय सदस्य ने हिस्सा लिया और इसमें पर्यवेक्षक तथा परीक्षा निरीक्षक के रूप में प्रभावती मानेकर स्कूल के प्राचार्य एवं संदीप बागडे सर सौसर मे बोरगांव मे प्राचार्य कैलाश धकाते सर रामाकोना मे प्राचार्य श्री रत्नाकर भकने सर पीपला नारायणवार में प्राचार्य गणेश परतेती चंद्रशेखर जैवार सर सरस्वती शिशु मंदिर लोधीखेड़ा के प्राचार्य होटे सर तथा पांढुर्णा सरस्वती शिशु मंदिर पांढुर्ना प्राचार्य श्री दिनेश गिरी गोस्वामी सर प्रमुख रूप से उपस्थित इनके उपस्थिति में बच्चों ने परीक्षा दी हर वर्ष आयोजित परीक्षा में कंपटीशन प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा की भावना से पेपर का मसौदा तैयार किया जाता है और इस परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में इसका पुरस्कार वितरण किसी राष्ट्रीय सेलिब्रिटी के हाथों जो पद्मश्री या पद्म विभूषण से सम्मानित हो भारत सरकार से सम्मानित हो उनके हाथों दिया जाता है पिछले 8 वर्षों से संस्था हमारे क्षेत्र के सभी शालाओं के प्राचार्य एवं शिक्षकों का विशेष योगदान एवं सहयोग आत्मीयता से मिलता है बच्चे हर वर्ष इस परीक्षा को लेकर अति उत्साहित रहते हैं युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन इस संगठन को लेकर युवाओं में हमेशा जोश रहता है और नए वॉलिंटियर सदस्य जुड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं इस वर्ष परीक्षा में नए सदस्यों वॉलिंटियर्स ने भी परीक्षा मैनजमेंट का अनुभव लिया तथा सभी जगह नारी शक्तियों के हाथ में परीक्षा संचालन की कमान सौंपी गई जिसमे, लोधीखेड़ा सरस्वती शिशु मंदिर मे केंद्र प्रमुख अश्विनी सहारे को किशोर भानगे बाबु राजेंद्र भांडे रामाकोना परीक्षा की व्यवस्था शिवानी बोडखे को केंद्र प्रमुख पंकज रंगारे,भीमराज बड़वाईक ने शासकीय प्रभावती मानकर स्कूल सौसर में भी परीक्षा संचालन की कमान नारी शक्ति के हाथ में जिसमें कंचन बारापात्रे को केंद्र प्रमुख जानवी ठोसर शेजल पगारे वैशाली शेंडे संस्था के अध्यक्ष योगेश सोमकुवार दर्शन लोनारे मोहनीस हिवरकर इसी प्रकार लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव में पूजा हिवरकर को केंद्र प्रमुख वैशाली बिंझवाड़ हेमंत हिवरकर राजेश बारापात्रे आमिर धराडे इसी प्रकार पीपला नारायण मार्ग के स्कूल में केंद्र प्रमुख प्रीति सोमकुंवर को अरुण गुरुजी ठाकरे अक्षय सोमकुंवर तथा जिला पांढुर्ना में एक परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर में भी केंद्र प्रमुख नीलम झरबड़े की कमान सोफी गई थी तथा साथ में संस्था के सचिव गोपाल कोठे निलेश गाडगे दिनेश पाटिल आदि सदस्यों के द्वारा परीक्षा को कैसे सफल बनाया जाय यह सीखने का प्रयास किया.

650 से ज्यादा लोगों का हुआ नि:शुल्क हेल्थ चेकअप

नागपुर.

लगातार 16 वर्षों से डॉ ऋचा राजकुमार जैन द्वारा निशुल्क रोड निदान शिविर का भव्य आयोजन किया जाता है इस आयोजन प्लैटिना हार्ट हॉस्पिटल द्वारा ब्लड शुगर ,ब्लड प्रेशर एवं डॉक्टर कंसलटिंग फ्री की जाती है इस बार जरूरतमंद मरीजों को दवाई भी निशुल्क दी गई है इसी के साथ एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल द्वारा ब्रेस्ट का स्क्रीन माउथ का स्क्रीन निशुल्क किया गया डॉक्टर रिचार्ज यूनिक क्लीनिक के डॉक्टर द्वारा स्किन चेकअप , हेयर चेकअप एवं बीएमआई चेक अप बॉडी मास इंडेक्स चेक अप फ्री किया गया. डॉ प्राजकतम लैंड राहतेसर्जिकल हॉस्पिटल द्वारा हड्डियों के रोगियों का चेकअप निशुल्क किया गया

डॉ यश अग्रवाल एवं डॉक्टर अंकित अग्रवाल द्वारा दांतों का चेकअप का चेकअप फ्री किया गया , डॉक्टर आकांक्षा दरड़ा द्वारा आंखों का चेकअप निशुल्क किया गया एवं जरूरतमंद मरीजों को डिस्काउंट रेट

में मोतियाबिंद का ऑपरेशन के कूपन दिए गए इस अवसर पर एक बूंद जिंदगी की जीएसटी ब्लड बैंक द्वारा डॉक्टर आशीष खंडेलवाल डॉक्टर श्वेता खंडेलवाल इनके मार्गदर्शन में 22 लोगों द्वारा ब्लड डोनेशन किया गया. इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कैल्शियम एवं प्रोटीन का डिस्ट्रीब्यूशन किया गया

इस अवसर पर प्रमुख अतिथि पूर्व विधायक गिरीश जी व्यास , खादी उद्योग के राष्ट्रीय मेंबर जयप्रकाश जी गुप्ता, तीर्थ रक्षा कमेटी के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष जी पेंडारी, दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील जी पेंडारी उन्नति फाउंडेशन के अध्यक्ष अतुल कोटेचा महिला गाड़ी बीजेपी की अध्यक्ष प्रगति पाटील भक्तांबर हीलर डॉ मंजू जैन डॉक्टर अनीश जैन समाजसेवी संतोष मोदी बीजेपी महाराष्ट्र के जैन प्रकोष्ठ वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत मानकरबीजेपी जैन प्रकोष्ठ के नागपुर के अध्यक्ष मुकेश जैन बाला पल्सपुरा,मनोज जैन अर्चना सावने समाज से बी नरेंद्र सतीजा पुलक मंच परिवार से मनीष जैन, रमेश उदयपुरकर सरद मचला , जितेंद्र गाडेकर मनोज मांडव गड़े , नीलम जैन, चंद्रकांत जैन ,छाया जैन ,चंद्रनाथ भागवत लायंस क्लब नागपुर साउथ से डॉ प्रवीण गुप्ता डॉ अनुपम गुप्ता ,सुरेंद्र हार्ड 24 स्टार प्राइड क्लब से नीलिमा बवानी विजय वर्मा ,अमित अग्रवाल ,तृप्ति अग्रवाल ,आनंद जैन , कमल शर्मा समाज सेबी पंकज बोरा , सतीश भंडारी कमल बज, चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर से पवन जैन ,जय मामू ,दिनेश जैन , डॉ कपिल जैन , डॉक्टर रश्मि जैन शीतल प्रसाद जी जैन शशांक जैन विजय जैन समाज सेवी प्रतिभा पाटनो , मनोज रमेश उदयपुरकर, मनीष जैन , वरुण मेहरिया ज्योति त्रिवेदी , रीता रवका, का राजेंद्र सोनटके सविता मांडव करें सुहागिन प्रतिभा ना खाता डॉक्टर अनुपम गुप्ता अभय सहाकर , प्रशांत जैन पूनम तिवारी , किरण सराफ वंदना जैन एवं सभी अतिथि मंडल उपस्थित थे डॉक्टर रिचार्ज यूनिक क्लिनिक एवं यूनिक हेल्थ एंड ब्यूटी माल के डायरेक्टर राजकुमार जैन ,डॉ खुशी जैन तनिष्का जैन, ऋषभ जैन यूनिक स्टाफ , डॉक्टर सभी को धन्यवाद दिया यूनिक क्लिनिक डॉक्टर रिचा राजकुमार जैन ने काफी हर्ष जताया कि जिस तरह आज आप सब का सहयोग मिला जिससे 650 चेकअप करवा सके इसी तरह का सहयोग आप बनाकर रखें जिससे अधिक से अधिक की सेवा हम अपने जन्म दिवस के अवसर पर कर सके.

महाराष्ट्र आइकॉन अवार्ड एवं रोजगार मेला को मिला भारी प्रतिसाद

> कार्यक्रम में शामिल हुए महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि

गढ़चिरोली।

यहोवा यिरे फाऊंडेशन और कला जीवन बहुउद्देशीय संस्था द्वारा महाराष्ट्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए रोजगार संधी संमेलन और महाराष्ट्र आयकॉन पुरस्कार 2024 का आयोजन गढ़चिरोली स्थित आर.के. सेलिब्रेशन हॉल में किया गया था।

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इसका मुख्य उद्देश्य योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें व्यापारिक कौशल सीखने के अवसर देना है। `शिका, कमवा आणि प्रगति करा` इस मूलमंत्र के तहत यह आयोजन रोजगार और व्यवसाय के नए रास्ते खोलने में मदद करेगा। ऐसी प्रतिक्रिया निदेशक और सीईओ यहोवा यिरे फॉउंडेशन और यहोवा द अर्बन बैंक चंद्रपुर एवं कार्यक्रम के आयोजक डॉ.रमेश कुमार द्वारा दी गई. साथ ही इस समय विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित करने के लिए भी इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र चव्हाण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नंदुरबार, भैयाजी येर्मे सहायक आयुक्त कौशल विकास केंद्र चंद्रपुर, डॉ.रमेश कुमार बोरकुटे सीईओ येहोवा यिरे फाउंडेशन, के.पी. टाकले जिला परियोजना समन्वयक (एमसीईडी) गढ़चिरौली, नारायण गंधेवार सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक गढ़चिरौली, गजानन मंडेश्वर वरिष्ठ प्रबंधक ग्रामीण कोंकण बैंक गढ़चिरोली, डॉ.कला जीवन बहुउद्देशीय सोसायटी वरुड के अध्यक्ष युवराज ठाकरे, यहोवा यिरे फाउंडेशन चंद्रपुर के अध्यक्ष एलिजा बोरकुटे, डी.के. अरीकर वरिष्ठ पत्रकार चंद्रपुर, शिल्पा शाहीर मराठी अभिनेत्री और लावणी क्वीन नागपुर, जयश्री सोलके प्रसिद्ध गायिका अमरावती, एंजल इ.सी.एच.ओ. अध्यक्ष बडोदा और मुख्य अतिथियों एवं मान्यवरो की की उपस्थिति में रोजगार मेला एवं महाराष्ट्र आइकॉन अवार्ड का समापन हुआ। जिसमें 500 से अधिक बेरोजगार युवा गठबंधन एवं पुरस्कार प्रतिभागियों ने इस एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यक्रम का लाभ उठाया एवं अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. आपको बता दें कि यह महाराष्ट्र में प्रतिष्ठा और सम्मान का एक विशेष राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह है।

भारतीय किसान संघ तहसील मंडल की कार्यकारिणी गठित

सौंसर.

भारतीय किसान संघ के तहसील मंत्री पवन हिंगवे ने बताया कि दिन रविवार को पुराना हनुमान मंदिर वार्ड नं 8मे भारतीय किसान संघ कि बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें जिला उपाध्यक्ष रविशंकर धुर्वे कि अनुशंसा से संगठन मंत्री आदरणीय पुरन लाल शर्मा की उपस्थिति में तहसील अध्यक्ष सौसर आशीष पराड़कर पवार के द्वारा सौसर नगर में भारतीय किसान संघ की कार्यकारिणी घोषित की गई जो इस प्रकार है। अध्यक्ष पंचम ददगाहे, मंत्री प्रफुल्ल कडू, महिला प्रमुख वंदना दीदी रविशंकर धुर्वे, दुर्गेश श्रीखंडे,कार्यकारिणी सदस्य इस प्रभाकर अढाऊ , दिनेश अम्बडकर, शेखर वाडेकर, गंगाराम अढाऊ, शेषराव उमरडकर, गजानन आचार्य, धनराज अढाऊ, चन्द्रशेखर पखाले, सुशील श्रीखंडे, किशोर ढगे, राजेन्द्र गाडगे, संदीप कापसे, विठ्ठल ददगाहे, किशोर अढाऊ, प्रमोद जाम्बुलकर, नरेंद्र गजभिए, सुनील आमले, पंकज भकने, श्रावण अढाऊ, गोपाल बुले, कैलाश कापसे, राम बेलसरे, पांडुरंग श्रीखंडे इसके अलावा बड़ी संख्या में किसानों और मातृ शक्ति इस बैठक में उपस्थित रहीं।

नागपुर मार्ग में की गई वाहनों की सघन जांच

> 29 वाहनों से लिया गया 86700 का जुर्माना

सौंसर.

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा- नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 29 वाहनों से 86700 रूपये का जुर्माना लिया गया ।

जांच के इसी क्रम में वाहन क्रमांक एमपी 28 पी 0439 (यात्री वाहन) को मोटरयान कर बकाया एवं बिना फिटनेस, साथ ही एक अन्य यात्री वाहन क्रमांक एमएच 32 बी 9583 जो कि बिना बीमा, फिटनेस, परमिट के संचालित पाये जाने पर इन दोनों वाहनों को जप्त कर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन

कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गईं कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही भी की जायेगी।

बेलोरा पुलिया पर खुलेआम शुरू है सट्टा पट्टी

> अवैध धंदे जोरी पर, जान कर भी अनजान बन रही पुलिस

चंद्रपुर. यवतमाल जिले की सीमा पर इन दिनों तमाम तरह के अवैध धंधे ने अपना गड़ बना लिया है. वणी तहसील के शिरपुर पुलिस की निगरानी में चल रहे सट्टा बाजार में दोनों जिलों के कई लोग लिप्त होने की खबर है. सूत्रों की माने तो बेलोरा पुलिया इस अवैद्य काम का गड़ बना है. ये पुलिया घुगगुस क्षेत्र के कई गांव और यवतमाल जिले के सीमावर्ती गांव जुड़ते है. इसी का लाभ उठाते हुए एक भाईजान ने यहां सट्टा बाजार का गड़ बना लिया है. लोगों का कहना है कि इसकी जानकारी पुलिस को नहीं, ऐसा हो ही नहीं सकता. यहां हर दिन लाखों का बाजार होता है. दोनो जिलों के एजेंट यहां सक्रिय किए गए है. पुलिस जानबूझ कर अनदेखी करती है, यह समझने वाले एजेंट बेखौफ होकर अपनी करतूत को अंजाम देते है.

वणी तहसील और घुग्गुस की अर्थव्यवस्था कोयला खदानों से समृद्ध है. यहां कर्मचारी और कामगार वर्ग खुशहाल है. पैसों की आवक ज्यादा है. उसपर शराब के कारण जुए व सट्टे के लिए पोषक वातावरण है. इसी को ध्यान में रख कर सट्टा किंग खान भाईजान ने पुलिस से गुफ्तगू कर के सट्टे का कारोबार यहां फैला दिया है. इस सट्टे के बाजार से कई कामगार कर्ज में डूब रहें है. खदान के कर्मचारी और युवा वर्ग भी इस लत में फंसता जा रहा है.

जर्जर पुल से हाईट बैरीयर तोड़कर भारी वाहनों का आवागमन जारी

गोंदिया.

> आवागमन करने वालों की जान को खतरा

आमगांव-सालेकसा मार्ग पर बाघनदी पर बनाए गए पुल की हालत अत्यंत खस्ता हो गई है। जिसके कारण भारी वाहनों के चलते समय पुल पर कंपन महसूस होता है। ऐसे में दिन-रात व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर भारी वाहनों के यातायात को प्रतिबंधित करने के लिए पुल के दोनों ओर सड़क पर हाईट बैरीयर लगाए गए है। ताकि केवल छोटे वाहन ही इस मार्ग से चल सके और भारी वाहन वैकल्पिक मार्गों से चलाए जाए। जिलाधिकारी के आदेश पर इस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने के लिए पहली बार 20 अगस्त को लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल के दोनों ओर बैरीयर लगाए गए थे। लेकिन कुछ दिनों बाद ही रेत तस्करों एवं अन्य अवैध व्यवसाय करने वालों ने उन्हे हो रही परेशानी के कारण रात्रि के समय दोनों ओर के बैरीयर तोड़ दिए। जिसके बाद एक बार फिर यहां पर सभी प्रकार के वाहनों का आना-जाना शुरू हो गया। लेकिन इसके बाद फिर एक बार प्रशासन ने आम नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से बैरीयर लगाए। लेकिन इस बार फिर दोनों ओर के बैरीयर तोड़ दिए गए और भारी वाहनों का आवागमन फिर शुरू हो गया है। असामाजिक तत्वों की इस हरकत से लोक निर्माण विभाग के साथ ही प्रशासन भी हतबल हो गया है और उसे कोई मार्ग सूझ नहीं रहा है कि आखिर इसके लिए करें तो क्या करें?

गौरतलब है कि आमगांव-सालेकसा राज्य मार्ग पर बना पुल लगभग 50 वर्ष पुराना हो चुका है और इस पुल की हालत जर्जर होने के कारण यहां कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है। इस बात का संज्ञान लेते हुए अनेक जनप्रतिनिधियों द्वारा जर्जर पुल के स्थान पर नए पुल का निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई। यह मामला विधानसभा में भी तत्कालीन विधायक सहषराम कोरोटे ने उठाया था। लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार ने अब तक नए पुल के निर्माण को प्रशासकीय मान्यता नहीं दी है। लेकिन नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से यहां भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित करने के लिए पुल के दोनों ओर हाईट बैरीयर लगाए गए है।

लेकिन दो बार बैरीयर लगाए जाने के बावजूद बार-बार असामाजिक तत्व इन्हे तोड़ रहे है और भारी वाहनों का यातायात बदस्तुर जारी है। जिसके कारण इस मार्ग पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जबकि प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग से यातायात शुरू करने को कहा था।

प्रशासन भी हतबल

गोंदिया से आमगांव होकर सालेकसा की ओर जाने वाली एसटी की बसे तो परिवर्तित मार्ग साकरीटोला, तिरखेड़ी होते हुए सालेकसा जाने लगी। लेकिन अवैध व्यवसायियों के लिए यह मार्ग कष्टप्रद होने के कारण वे बार-बार अपनी सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरीयर तोड़कर स्वयं के साथ ही अन्य लोगों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे है और प्रशासन भी इनके सामने लाचार नजर आ रहे है। जबकि आमगांव से मध्यप्रदेश के कुल्पा होते हुए पुल के दुसरी ओर पहुंचने में अधिकतम 10 मिनिट का समय लगता है हां इसके लिए नियमानुसार मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला प्रशासन की अनुमति लेना जरूरी है। यदि गोंदिया डिपो और जिला प्रशासन इस दिशा में कदम उठाए तो एसटी बसे इस मार्ग से सुरक्षित चल सकती है। जिससे सालेकसा की ओर से प्रतिदिन आमगांव में पढ़ने के लिए आने वाले सैकडों विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिल सकती है। इसके लिए पालकों एवं विद्यार्थियों द्वारा बार-बार मांग की जा रही है। अब देखना यह है कि इस दिशा में जिला प्रशासन क्या कदम उठाता है और बार-बार बैरीयर तोड़ने वालों पर क्या कार्रवाई होती है।

शुभांक

श्रीदेवी	570-2	790-6
श्रीदेवी नाईट	569-0	368-7
प्रभात	238-3	499-2
प्रभात नाईट	457-6	139-3
डायमंड	899-6	266-4
मेन बाजार	144-9	-
मिलन डे	278-7	138-2
मेन रतन	580-3	560-1
कल्याण	337-3	347-4
राजधानी डे	990-8	267-5
राजधानी नाईट	156-2	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	489-1	479-0

क्रिप्टो करेंसी में धोखाधडी

> निवेशक फिर पहुंचे थाने

सौंसर.

क्रिप्टो करेंसी मे मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगे जाने के मामले में फिर एक नया मोड़ आया है।मंगलवार को यह सभी निवेशक पुलिस थाना में पहुंचे और इसके मास्टर माइंड पर कार्यवाही करने की मांग की। निवेशकों का कहना है कि इसके पूर्व में पुलिस में हुई शिकायत के बाद नागरिक सुविधा केंद्र के संचालक ने समझौतात्मक संवाद कराया था। जिसमें दिए आश्वासन से अब वह मुकर रहा है। निवेशकों ने मास्टरमाइंड और उनके स्वजनों के मोबाइल और बैंक में हुई लेनदेन की जांच करने की पुलिस से मांग की गई है। इन सभी घटना क्रम में महीनो बीत जाने के बावजूद निवेशकों के हाथ खाली दिखाई दे रहे है।

दो दर्जन के लगभग निवेशकों को लालच दिखाने वाले नागरिक सुविधा

केन्द्र के संचालक द्वारा गत दिनों पुलिस के समक्ष चेक देने की बात कही गई थी। पुलिस द्वारा कार्यवाही न कर दोनो पक्षों के बीच में समझौता किया गया था। लेकिन समय बीत जाने बाद अब निराकरण नही होने पर निवेशक आज फिर कार्यवाही की मांग करते हुए थाना पहुंचे थे। निवेशकों का कहना है की दो साल पहले गणेश सूर्यवंशी एवं विजय सूर्यवंशी ने उन्हें हाइपनेक्स विट पेड़ क्रिप्टो करेंसी में राशि निवेश करने के लिए बार बार फोन एवं मेसेज के माध्यम से मीटिंग कर पैसे चार गुना होने का लालच देकर निवेश कराते थे। मास्टर माइंड गणेश सूर्यवंशी अपने नागरिक सुविधा केन्द्र ऑनलाईन में बुलाकर उस कॉइन को डॉलर बताते थे।